# 73 वर्ष के हुए शक्ति कपूर

बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता शक्ति कपूर आज 73 वर्ष के हो गये.

शक्ति कपूर का जन्म 03 सितंबर 1952 को हुआ था.शक्ति कपूर ने स्नातक की पढ़ाई दिल्ली के मशहूर किरोरीमल कॉलेज से पूरी की. शक्ति कपूर ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1973 में प्रदर्शित अर्जुन हिरोंगनी की फिल्म कहानी किस्मत की से की. धर्मेन्द्र और रेखा की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म शक्ति को एक छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर मिला, लेकिन दर्शको का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में वह असफल रहे.अपने वजूद को तलाशते शक्ति कपूर फिल्म इंडस्ट्री में लगभग सात वर्ष तक संघर्ष करते रहे .इस दौरान उनकी दो जासूस, संग्राम,खेल किस्मत का,दरवाजा,दिल से मिले दिल जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी, लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कुछ खास फायदा नही पहुंचा.वर्ष 1979 में शक्ति कपूर की जानी दुश्मन और सरगम जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी.इन फिल्मों के जरिये वह कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुये.



शक्ति कपूर की किस्मत का सितारा वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म कुर्बानी से चमका.मारधाड़ और नाच गाने से भरपूर इस फिल्म में शक्ति कपूर ने मुख्य खलनायक की भूमिका निभाई.बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी फिरोज खान निर्मित इस फिल्म की जबर्दस्त कामयाबी ने शक्ति कपूर को बतौर खलनायक फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित कर दिया .वर्ष 1981 शक्ति कपूर के सिने करियर का अहम वर्ष साबित हुआ.इस वर्ष उन्हें सुनील दत्त के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म रॉकी में काम करने का अवसर मिला.इस फिल्म में उनपर फिल्माया यह गीत आ देखे जरा किसमें कितना है दम श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ. इसी वर्ष उन्हें मनमोहन देसाई के बैनर तले बनी फिल्म सुपरहिट नसीब में भी काम करने का अवसर मिला.

वर्ष 1982 में शक्ति कपूर के सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म सत्ते पे सत्ता प्रदर्शित हुयी. सात भाइयों की कहानी पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक भाई की भूमिका निभाई. इस फिल्म में शक्ति कपूर ने अपने हास्य अभिनय से दर्शकों को हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिया.वर्ष 1989 में प्रदर्शित फिल्म चालबाज शक्ति कपूर के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में एक है. पंकज पराशर के निर्देशन में बनी यह फिल्म यूं तो पूरी तरह अभिनेत्री श्रीदेवी पर आधारित थी, लेकिन इस फिल्म में शक्ति कपूर ने अपनी छोटी सी भूमिका के जरिये दर्शकों का मन मोह लिया. इस फिल्म में उनका यह संवाद %मैं एक छोटा सा नन्हा सा प्यारा सा बच्चा हूं% दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था.

नब्बे के दशक में शक्ति कपूर ने अपने अभिनय को एकरूपता से बचने और स्वयं को चरित्र अभिनेता के रूप में स्थापित करने के लिये अपनी भूमिकाओं में परिवर्तन भी किया. इस क्रम में वर्ष 1994 में प्रदर्शित डेविड धवन की सुपरहिट फिल्म राजा बाबू में उन्होंने हास्य किरदार नंदू को रूपहले पर्दे पर साकार किया.फिल्म में अपने जबरदस्त हास्य अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ हास्य कलाकार के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित भी किये गये.

वर्ष 1994 में ही शक्ति कपूर के सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म अंदाज अपना अपना प्रदर्शित हुयी. राज कुमार संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शक्ति कपूर के किरदार का नाम था क्राइम मास्टर गोगा. फिल्म में उन्होंने खलनायक की भूमिका कुछ इस तरह से निभायी कि दर्शक हंसते हंसते लोटपोट हो गये.शक्ति कपूर के सिने करियर में उनकी जोड़ी कादर खान के साथ काफी पसंद की गयी. इन दोनों अभिनेताओं ने अब तक लगभग 100 फिल्मों में एक साथ काम किया है.

# गाना बिजुरिया लोगों के दिलों में बस जाएगा : जाह्नवी कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का गाना बिजुरिया लोगों के दिलों में बस जाएगा.

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है.अब वह अपनी अगली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के प्रमोशन में जुट गई हैं. भावनात्मक और गहन किरदार निभाने वाली जाह्नवी इस बार एक नए और ताज़ा अंदाज़ में नज़र आएंगी, जिसका अंदाज़ा फिल्म के टीज़र से ही लगाया जा सकता है. फिल्म के मेकर्स ने पहला गाना 'बिजुरिया' रिलीज कर दिया है, जिसमें जाह्नवी और वरुण धवन की जोड़ी दर्शकों का दिल जीत रही है.

जाह्नवी कपूर ने कहा,बिजुरिया हमेशा से ऐसा गाना रहा है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देता है. इस गाने को फिर से इस फिल्म में लाना मेरे लिए बेहद मज़ेदार अनुभव रहा. इसका नया वर्ज़न पुराने जादू और नई ताज़गी का ऐसा परफेक्ट मिश्रण है, जिसे सुनकर नाचने से खुद को रोक पाना मुश्किल है. वरुण और पूरी टीम के साथ शूटिंग करना शानदार रहा. मुझे पूरा यक़ीन है कि यह गाना लोगों के दिलों में बस जाएगा और हर कोई इस पर थिरकने से खुद को रोक नहीं पाएगा.

जाह्नवी का शेड्यूल काफ़ी व्यस्त है. वह जल्द ही राम चरण के साथ फिल्म 'पेड्डी' में स्क्रीन शेयर करती नज़र आएंगी.



# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आई शहनाज गिल

पंजाब में आई भीषण बाढ़ के बाद, पंजाबी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के कई सेलेब्स मदद के लिए आगे आए हैं. इसी कड़ी में, एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम शहनाज गिल ने अपने गृह राज्य के लोगों की मदद करने के लिए हाथ बढ़ाया है. उन्होंने मुंबई से बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है, जिसमें भोजन, पानी, कपड़े और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं. शहनाज के इस कदम की सोशल मीडिया पर खूब सराहना हो रही है.

शहनाज गिल के अलावा, पंजाबी फिल्म और संगीत उद्योग के कई अन्य कलाकारों ने भी बाढ़ पीड़ितों की मदद की है. कुछ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों को राहत सामग्री बांटी, जबकि कई अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से मदद की अपील की और पीड़ितों के लिए प्रार्थना की. इस मुश्किल घड़ी में, इन सेलेब्स की पहल ने लोगों को एक साथ आने और एक-दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित किया है.

पंजाब में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं और बड़ी संख्या में फसलों को नुकसान पहुंचा है. राज्य सरकार और विभिन्न सामाजिक संगठन राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं.



# गणेशोत्सव में मुंबई को मिस कर रही हैं अक्षरा सिंह

**अक्षरा** ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत और आकर्षक दिख रही हैं. तस्वीरों में उन्होंने क्रीम रंग की साड़ी पहनी है, जिसके साथ उन्होंने पीले रंग का ब्लाउज पेयर किया है. गणेशोत्सव के दौरान वो मुंबई को मिस कर रही हैं. पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने गणपति बप्पा मोरिया लिखा है.

इस ट्रेडिशनल लुक को खास बनाने के लिए अक्षरा ने मिनिमल मेकअप किया है. उनके चेहरे पर हल्का मेकअप और सादगी भरी मुस्कान उनकी सुंदरता को और निखार रही है. इसके साथ ही उन्होंने अपने बालों को साधारण पोनीटेल स्टाइल में बांधा है, जो उनके पारंपरिक अंदाज को और भी खूबसूरत बना रहा है इन तस्वीरों को साझा करते हुए अक्षरा ने कैप्शन में लिखा, गणपति बप्पा मोरया. अक्षरा सिंह का ये सिंपल लेकिन शानदार लुक उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है. फैंस उनके पोस्ट पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, ब्यूटीफुल, तो दूसरे यूजर ने उनके ट्रेडिशनल लुक को परफेक्ट बताया. अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो न केवल अपनी एक्टिंग बल्कि अपने स्टाइल और सोशल मीडिया उपस्थिति से भी लोगों का ध्यान खींचती हैं.

# बादाम बढ़ाते हैं आपकी न्यूट्रिशन क्षमता : सोहा अली

अभिनेत्री सोहा अली ख़ान, जो फिटनेस को लेकर काफी सजग हैं, कहती हैं, मैं हमेशा स्वस्थ खाने की आदतों को अपनाती हूँ और अपने परिवार को भी इसके लिए प्रेरित करती हूँ. रोज़ाना पोषण पर ध्यान देना अच्छे स्वास्थ्य के लिए ज़रूरी है, इसलिए मैं इस बात का ध्यान रखती हूँ कि हम क्या खा रहे हैं. मैं दिन की शुरुआत कुछ हल्का लेकिन पोषण से भरपूर जैसे कैलिफोर्निया बादाम से करना पसंद करती हूँ, जिससे मुझे लंबे समय तक ऊर्जा और संतुष्टि मिलती है. जब मैं बाहर जाती हूँ, तो भी कैलिफोर्निया बादाम का एक छोटा डिब्बा अपने साथ रखती हूँ. ये भूख को शांत करने के साथ-साथ मेरी रोज़ की पोषण ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं. इस राष्ट्रीय पोषण माह पर मैं सभी से कहती हूँ कि वे दिन की शुरुआत पोषण युक्त चीज़ों जैसे बादाम से करें और अपने परिवार में भी इसे शामिल करें



# बंद हो रहा है शिल्पा का रेस्टोरेंट

**शिल्पा** शेट्टी और उनके परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं. आए दिन शिल्पा और उनके बिजनेसमैन पति राज कुंद्रा का नाम विवादों में घिरा हुआ नजर आता है.

शिल्पा और राज कुंद्रा पर धोखाधड़ी का आरोप लगने के कुछ हफ्ते बाद एक्ट्रेस ने अब घोषणा की है कि वह मुंबई के बांद्रा स्थित अपने मशहूर रेस्टोरेंट, बैस्टियन को बंद कर रही हैं. शिल्पा के इस फैसले ने सभी को हैरान कर दिया है.शिल्पा ने आगे लिखा, इस लैजेंडरी प्लेस का सम्मान करने के लिए, हम अपने सबसे करीबी संरक्षकों के लिए एक बेहद खास शाम की योजना बना रहे है ङ्क पुरानी यादों, एनर्जी और जादू से भरी एक रात, जिसमें बैस्टियन के साथ आखिरी बार जुड़ी हर चीज़ का जश्न मनाया जाएगा.



## दीपिका कक्कड़ की फिर बिगड़ी तबीयत

**टीवी** की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ अक्सर किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में छाई रहती हैं. लेकिन इन दिनों एक्ट्रेस गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हैं. हाल ही में उन्होंने अपने यूट्यूब व्लॉग के जरिए फैंस को बताया कि उनकी तबीयत एक बार फिर खराब हो गई है. लिवर कैंसर की सर्जरी के बाद अब दीपिका वायरल इंफेक्शन का शिकार हो चुकी हैं. इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि उनकी इम्युनिटी काफी कमजोर हो गई है और डॉक्टर लगातार उन्हें हेवी डोज दवाइयां दे रहे हैं.

# फिल्मों में वापसी की अभी कोई योजना नहीं : इलियाना डीक्रूज़

बॉलीवुड अभिनेत्री इलियाना डीक्रूज़ का कहना है कि उनकी फिल्मों में वापसी की अभी कोई योजना नहीं है.

इलियाना डीक्रूज़ ने फ्रीडम टू फीड के एक लाइव सेशन में नेहा धूपिया से दिल से हुई बातचीत में बताया कि वह फिलहाल फिल्मों में वापसी की योजना नहीं बना रही हैं. इस समय उनका पूरा ध्यान माँ बनने और मातृत्व को जीने पर है.

इलियाना ने माइकल डोलन से शादी की है और वह दो बेटों की माँ हैं. इस जोड़े ने एक अगस्त 2023 को अपने पहले बेटे कोआ फीनिक्स डोलन का स्वागत किया था और 19 जून 2025 को अपने दूसरे बेटे कियानू राफे डोलन का. ह्यूस्टन, टेक्सास में रहते हुए इलियाना ने साझा किया कि अब उनकी ज़िंदगी अपने बढ़ते परिवार के इर्द-गिर्द घूम रही है.

मातृत्व के भावनात्मक पहलू पर बात करते हुए इलियाना ने स्वीकार किया कि प्रेग्नेंसी के बाद का सफर आसान नहीं था. उन्होंने बताया कि कई बार उन्हें खुद पर शक हुआ और कमज़ोरी महसूस हुई.





# दिल का दौरा पड़ने से पहले सतर्क करेगी नई तकनीक

**आज** के व्यस्त दौर में जहां इंसान को खुद का ख्याल रखने का भी समय नहीं है. ऐसे में हार्ट अटैक की खबरें लगातार बढ़ती जा रही है. जिसको देखते हुए इस बात की चिंता सामने आती है कि आखिर इसको रोकने या फिर इससे बचने का कोई तरीका मौजूद है या नहीं. दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए वैज्ञानिकों ने एक ऐसी क्रांतिकारी तकनीक विकसित की है, जो हार्ट अटैक से पहले ही चेतावनी दे देगी. इसमें एक मिनी कैमरा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ङ्ख) का संयोजन मरीज की नसों की निगरानी करेगा और खतरे का संकेत समय रहते जारी करेगा.

**कैसे काम करती है यह तकनीक?**- जिन मरीजों को पहले दिल का दौरा पड़ चुका है या जिनमें हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है, उनके लिए यह तकनीक बेहद उपयोगी साबित हो सकती है. डॉक्टर मरीज की खून की नसों में एक मिनी कैमरा डालते हैं. यह कैमरा लगातार तस्वीरें खींचता है और उन्हें ङ्ख को भेजता है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसतेजी से उन तस्वीरों का विश्लेषण कर लेता है और तुरंत अलर्ट जारी कर देता है.

# खगोलीय घटनाओं की लगेगी श्रृंखला

सितंबर का महीना खगोल प्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है. इस दौरान आकाश में कई अद्भुत खगोलीय घटनाएं दिखाई देंगी जिनमें पूर्ण चंद्रग्रहण (ब्लड मून), सूर्य ग्रहण, ग्रहों का समीप आना और आकाशगंगा की चमक प्रमुख आकर्षण रहेंगे. इनमें से कई घटनाओं को आम लोग नंगी आंखों से देख सकेंगे, जबकि कुछ को देखने के लिए टेलीस्कोप का सहारा लेना होगा.

**7 सितंबर को ब्लड मून**- इस महीने की सबसे बड़ी घटना होगी पूर्ण चंद्रग्रहण, जिसे आमतौर पर ब्लड मून कहा जाता है. इस दौरान चंद्रमा का रंग लाल या तांबे जैसा दिखाई देगा. यह नजारा भारत सहित एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों से साफ देखा जा सकेगा. विशेषज्ञों के अनुसार, यह ग्रहण लगभग 82 मिनट तक चलेगा. खगोल वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा दृश्य हर बार नहीं मिलता, इसलिए यह रात बेहद खास होगी.

**8 सितंबर को चंद्रमा, शनि और नेपच्यून का संगम**- ब्लड मून के अगले ही दिन यानी 8 सितंबर की रात, चंद्रमा, शनि और नेपच्यून एक-दूसरे के बेहद करीब दिखाई देंगे. यह संयोग रात के आसमान को और भी अद्भुत बना देगा. खगोलविद मानते हैं कि यह दृश्य ग्रहों की गति और उनकी आपसी दूरी को समझने का शानदार अवसर होगा.

**16 सितंबर को बृहस्पति के पास अर्धचंद्र**- सितंबर के मध्य में भी खगोलीय रोमांच जारी रहेगा. 16 सितंबर की रात, अर्धचंद्राकार चंद्रमा, आकाश के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बेहद पास नजर आएगा. यह दृश्य खासकर उन लोगों के लिए आकर्षक होगा जो ग्रहों की गतिविधियों में दिलचस्पी रखते हैं.

**19 सितंबर को चंद्रमा के पीछे जाएगा शुक्र**- महीने की आखिरी बड़ी घटना 19 सितंबर को होगी. इस दिन चमकदार ग्रह शुक्र चंद्रमा के पीछे से गुजरेगा. इसे ऑकल्टेशन कहा जाता है. वैज्ञानिकों के अनुसार, यह खगोलीय घटना बेहद दुर्लभ है और इसे देखने वालों के लिए यह एक यादगार पल साबित होगा.



सितंबर का महीना खगोलीय घटनाओं की एक अद्भुत श्रृंखला लेकर आ रहा है. ब्लड मून से लेकर ग्रहों के अद्भुत संगम तक, हर घटना आकाश प्रेमियों को रोमांचित करेगी. विशेषज्ञों का कहना है कि इन पलों को सुरक्षित तरीके से देखना और उन्हें कैमरे में कैद करना लोगों के लिए एक जीवनभर की याद बन सकता है.



# आईफोन 17 सीरीज 9 सितंबर को लॉन्च

आईफोन लवर्स आईफोन 17 सीरीज लॉन्च होने का इंतजार कर रहे हैं और हर किसी के मन में बस एक ही सवाल है कि आखिर लॉन्च कब होगा? क्या इस बार दाम और बढ़ेंगे? कौन-कौन से नए मॉडल आएंगे? कैमरा कितना अपग्रेड होगा? हर साल की तरह इस बार भी आईफोन के फैंस बेसब्री से लॉन्च डेट, फीचर्स, कलर ऑप्शन और कीमत जानने को बेताब हैं. इस बार एक नया मॉडल आईफोन 17 ख्द्बह्म् भी आने की चर्चा है, जो पहले से हल्का और स्टाइलिश बताया जा रहा है. कैमरा से लेकर डिजाइन और चिपसेट तक बहुत कुछ बदला हुआ हो सकता है.

एप्पल का अगला फ्लैगशिप स्मार्टफोन आईफोन 17 की लॉन्चिंग में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है. टेक एक्सपर्ट्स और लीक्स की मानें तो श्वश्चद्द सितंबर 2025 के दूसरे हफ्ते में आईफोन 17 सीरीज को लॉन्च कर सकता है. हर साल की तरह इस बार भी कंपनी सोमवार, मंगलवार या बुधवार को ही इवेंट कर सकती है.

**आईफोन 17 सीरीज में होंगे 4 मॉडल,**- एप्पल इस बार आईफोन 17 सीरीज के तहत कुल 4 नए मॉडल ला सकता है जिसमें आईफोन 17, आईफोन 17 ख्द्बह्म्, आईफोन 17 Pro और आईफोन 17 Pro Ma& शामिल हैं. इनमें से आईफोन 17 Air एक नया और स्लिम वर्जन होगा, जो हल्का डिजाइन और खास कलर ऑप्शन के साथ आएगा.

लीक्स की मानें तो इस बार एप्पल सभी वेरिएंट्स में एल्यूमिनियम फ्रेम दे सकता है, जो अब तक सिर्फ सस्ते मॉडल्स में ही आता था. इससे फोन हल्का रहेगा और सभी मॉडल्स में एक जैसा प्रीमियम फील मिलेगा. आईफोन 15 Pro में जहां टाइटेनियम फ्रेम था, वहीं आईफोन 17 सीरीज में कंपनी एल्यूमिनियम और ग्लास का कॉम्बिनेशन ला सकती है.

# 2300 साल पुराने कंकालों को देख डरे लोग

**पेरू** में एक मंदिर की खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों को एक दर्जन से ज्यादा लोगों के अवशेष मिले हैं. ये अवशेष 2300 साल पुराने हैं. इनमें कई अवशेषों या कंकालों के गले में रस्सियां लगी हुई हैं और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए हैं. ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से अधिकतर शवों का संबंध मानव बलि से हो सकता है. हालांकि, रस्सियों से बंधे कंकालों की खोज के बाद स्थानीय निवासियों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है. उनका कहना है कि वैज्ञानिकों को ऐसी चीजों से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए. पुरातत्वविदों ने बताया कि इन कब्रों में कुछ दुर्लभ विशेषताएं हैं.

सैन मार्कोस के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पुरातत्व के प्रोफेसर हेनरी टैंटालियन ने बताया है, जिस तरह से उन्हें कब्र में रखा गया था वह अजीब है. उनके चेहरे जमीन की ओर थे, जो एंडियन प्रागैतिहासिक काल में एक असामान्य दफनाने का तरीका था.



हेनरी टैंटालियन ही इस जगह पर खुदाई कर रही पुरातत्वविदों की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं.

**मरे लोगों की खोपड़ियों में मिला फैक्रर**- टैंटालियन ने बताया कि कई लोगों की खोपड़ी में फैक्रर था. वहीं, कुछ के गले में रस्सियां और हाथ पीठ के पीछे बंधे थे. उन्होंने कहा कि इन खोजों से पता चलता है कि इन लोगों की बलि दी गई थी. उन्होंने कहा कि उनके साथ कोई भेंट या कब्र में रखी कोई वस्तु नहीं थी, जो भी असामान्य है.

## 3000 साल पुरानी है मंदिर

टैंटालियन के अनुसार, उनकी टीम ने 2024 में पेरू के उत्तर-पश्चिमी तट पर पुएमापे मंदिर परिसर के पास इन कब्रों की खोज की और 2025 में उत्खनन कार्य शुरू किया. उन्होंने बताया कि यह मंदिर लगभग 3,000 साल पुराना है, लेकिन ये कब्रें बाद के समय की हैं, लगभग 400 से 200 ईसा पूर्व की. उनका यह भी कहना है कि मानव बलि दिए जाने से पहले ही मंदिर को छोड़ दिया गया होगा.